लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक 14.1.2020.... पृष्ठ सं....5.... कॉलम....3-5....

# 'युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं विवेकानंद'

## एचएयू के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस इकाई ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

अमर उजाला ब्यूरो



एच ए यू में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विश्वविद्यालय के अधिकारी। - अमर उजाला

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस इकाई ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बलदेव राज कांबोज और जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेडक्रॉस सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसंधान निदेशक अनुसंधान डॉ. सुरेंद्र कुमार सहरावत ने की।

डॉ. बीआर कांबोज ने बताया कि स्वामी विवेकानंद केवल देश के लिए ही नहीं अपितु विश्व के सभी युवकों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत हैं और आज के युवक को उनके बारे में पढ़ना चाहिए एवं उनके जीवन एवं उनके द्वारा सिखाई गई चीजों को जीवन में अपनाना चाहिए। सुरेंद्र श्योराण ने भी स्वामी विवेकानंद को एक सच्चा देशभक्त बताया एवं युवाओं को उनके बताए हुए पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत सह संयोजक संजय सूरा ने स्वदेशी चीजें अपनाने पर जोर दिया। डॉ. भगत सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद पर एक जागरूकता रैली निकाली, जिसका शुभारंभ सुरेंद्र श्योराण ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली गवर्नमेंट कॉलेज ग्राउंड से शुरू होकर नागोरी गेट से होकर पारिजात चौक, सब्जी मंडी, राम चाट भंडार, भगत सिंह चौक एवं सुशीला भवन से होती हुई वापस गवर्नमेंट कॉलेज ग्राउंड पर पर समाप्त हुई।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.........दैनिक जागरण.........

दिनांक...14.1.2020..... पृष्ठ सं.....17..... कॉलम.....2-5.....

**आयोजन** | स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर कृषि महाविद्यालय के सभागार में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

# स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी कहानियां की साझा

**जागरण संवाददाता, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रॉस इकाई ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर कृषि महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बीआर कांबोज रहे। विशिष्ठ अतिथि रेडक्रॉस से प्रशिक्षण अधिकारी सुरेंद्र श्योरण रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनुसंधान एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय के निदेशक डा. सुरेंद्र कुमार सहरावत ने की। मुख्य अतिथि डा. कांबोज ने बताया कि स्वामी विवेकानंद केवल देश के लिए ही नहीं अपितु विश्व के सभी युवकों के लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं। आज के युवक को उनके बारे में पढ़ना चाहिए एवं उनके जीवन एवं उनके द्वारा सिखाई गई चीजों को जीवन में अपनाना चाहिए। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी हुई बातों, उनके अध्ययनों एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। कार्यक्रम अध्यक्ष डा. सहरावत ने बताया कि स्वामी विवेकानंद निष्ठा एवं देश भक्ति के अतुल्य प्रतीक थे।



एचएयू में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद डा. बलदेवराज कंबोज, डा. सुरेंद्र श्योराण व अन्य। • विज्ञप्ति

**जागरूकता रैली में स्वयंसेवकों ने दी जानकारी :** डा. भगत सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। रैली के दौरान समाजसेवी अनिल गोयल एवं प्राथमिक चिकित्सा लेक्चरार कुलदीप सोनी भी उपस्थित रहे। रैली का आरंभ गवर्नमेंट कॉलेज ग्राउंड से हुआ।

रैली नागोरी गेट से होकर पारिजात चौक, सब्जी मंडी, राम चाट भंडार, भगत सिंह चौक एवं सुशीला भवन से होती हुई वापस गवर्नमेंट कालेज ग्राउंड पर पर समाप्त हुई।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर, हरि भूमि
दिनांक: 14.1.2020 पृष्ठ सं. .................. कॉलम ..................

## विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

**हिसार |** एचएयू के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बलदेव राज कंबोज रहे तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेड क्रॉस हिसार सुरेंद्र श्योराण ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लिया। वशिष्ठ अतिथि कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक अनुसंधान एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय,डॉ सुरेंद्र कुमार सहरावत ने की। मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कंबोज ने सभी स्वयंसेवकों को संबोधित किया। डॉ. भगत सिंह के नेतृत्व में स्वयंसेवकों ने स्वामी विवेकानंद पर एक जागरूकता रैली निकाली। जिसका शुभारंभ सुरेंद्र श्योराण ने झंडा दिखाकर किया। रैली का आरम्भ गवर्नमेंट कॉलेज ग्राउंड से हुआ।

## हकृवि में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

हिसार। हकृवि के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेड क्रॉस इकाई ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस के अवसर पर कृषि महाविद्यालय के सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. बलदेव राज कंबोज थे तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारी रेडक्रॉस सुरेंद्र श्योराण वशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक अनुसंधान एवं अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डा. सुरेंद्र कुमार सहरावत ने की। मुख्य अतिथि डॉ. बीआर कंबोज ने बताया कि स्वामी विवेकानंद केवल देश के लिए ही नहीं अपितु विश्व के सभी युवकों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत हैं। इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन से जुड़ी हुई बातों, उनके अध्ययनों एवं उनके द्वारा दी गई शिक्षाओं के बारे में स्वयंसेवकों को बताया। स्वामी विवेकानंद पर एक जागरूकता रैली निकाली गई।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ....हरि भूमि....
दिनांक ..14.1.2020.. पृष्ठ सं. ..12.. कॉलम ..1-4..

# हकृवि में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप में संभावनाओं पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि द्वारा 15-16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्कूबेटर कॉलोकिम आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल होगें। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट निफटम के कुलपति डॉ. चिंदी वासुदेवअप्पा उपस्थित होगें। सेमिनार का आयोजन हकृवि में स्थित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर एबिक के तत्वाधान में होगा। यह राष्ट्रीय स्तर का ऐसा पहला सेमिनार है जिसमें एक साथ देशभर के एग्री बिजनेस इंक्यूबेर, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, नीति आयोग, ईफको, स्टार्ट अप हरियाणा, व्यवसायिक, उद्यमी, मैंटर, विशेषज्ञ, सलाहकार, पूंजीपति, किसान, वित्तीय संस्थाएं, बैंक, शिक्षक, प्रशिक्षु, उद्योगपति, निवेशक और नीति विशेषज्ञ आदि भाग ले रहे है। इस सेमिनार का उद्देश्य ऐसे लोगों को एक साथ लेकर आना है जो कृषि के क्षेत्र में व्यवसायिक सोच रखते हैं। एबिक सेमिनार के माध्यम से नूतन विचार वाले प्रशिक्षुओं, किसानों, उद्यमियों को ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जहां वे अपने विचारों को यथार्थ के धरातल पर फलीभूत कर सकते हैं। सेमिनार में सफल उद्यमियों, मैंटर और विशेष व्याख्यानों के माध्यम से बहुत कुछ ऐसा जानने का अवसर प्राप्त होगा जिससे कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले लोग अभी तक वंचित है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ...... दैनिक भास्कर ......
दिनांक 14.1.2020 ...... पृष्ठ सं. 6 ...... कॉलम 7-8 ......

# एचएयू में सेमिनार 15-16 को, कृषि में स्टार्टअप सम्भावनाओं पर होगा मंथन

## सेमिनार के मुख्यातिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल होंगे

**भास्कर न्यूज | हिसार**

एचएयू में 15-16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्कूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार के मुख्य अतिथि प्रदेश के कृषि मंत्री जे.पी. दलाल होंगे। सेमिनार में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफटम) के कुलपति डॉ. चिन्दी वासुदेवअप्पा उपस्थित होंगे। इस सेमिनार का आयोजन एचएयू स्थित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के तत्वावधान में होगा। यह राष्ट्रीय स्तर का ऐसा पहला सेमिनार है जिसमें एक साथ देशभर के एग्री बिजनेस इंक्यूबेर, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), नीति आयोग, ईफको, स्टार्ट अप हरियाणा, व्यवसायिक, उद्यमी, मैण्टर, विशेषज्ञ, सलाहकार, पूंजीपति, किसान, वित्तीय संस्थाएं, बैंक, शिक्षक, प्रशिक्षु, उद्योगपति, निवेशक और नीति विशेषज्ञ आदि हिस्सा ले रहे हैं। इस सेमिनार का उद्देश्य ऐसे लोगों को एक साथ लेकर आना है जोकि कृषि के क्षेत्र में व्यावसायिक सोच रखते हैं और देश में कृषि और इससे सम्बद्ध क्षेत्रों में कुछ नया करना चाहते हैं।

एबिक सेमिनार के माध्यम से नूतन विचार वाले प्रशिक्षुओं, किसानों, उद्यमियों को ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जहां वे विचारों को यथार्थ के धरातल पर फलीभूत कर सकते हैं। यह कार्यक्रम एक तकनीकी कार्यक्रम होगा जिसमें व्यापार प्रदर्शनी के माध्यम से सिखाने का प्रयत्न होगा। सेमिनार में हिस्सा लेने के लिए पूर्व पंजीकरण जरूरी है।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण

दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं. 18 कॉलम 4-6

# स्टार्ट-अप संभावनाओं को लेकर एचएयू में दो दिन सेमिनार के जरिए चलेगा मंथन

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से 15 व 16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्कूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल होंगे। इस सेमिनार में विशिष्ठ अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफटम) के कुलपति डा. चिंदी वासुदेवअप्पा उपस्थित होगें। इस सेमिनार का आयोजन एचएयू में स्थित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के तत्वावधान में होगा।

**पहली बार एक साथ एक मंच पर उपस्थित होंगे एक्सपर्ट :** यह राष्ट्रीय स्तर का ऐसा पहला सेमिनार है जिसमें एक साथ देशभर के एग्री बिजनेस इंक्यूबेटर, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, नीति आयोग, ईफको, स्टार्ट अप हरियाणा, व्यवसायिक, उद्यमी, मैंटर, विशेषज्ञ, सलाहकार, पूंजीपति, किसान, वित्तीय संस्थाएं, बैंक, शिक्षक, प्रशिक्षु, उद्योगपति, निवेशक और नीति विशेषज्ञ आदि भाग ले रहे है। इसका उद्देश्य ऐसे लोगों को एक साथ लेकर आना है जो कृषि के क्षेत्र में व्यवसायिक सोच रखते हैं और देश में कृषि और इससे संबद्ध क्षेत्रों में कुछ नया करना चाहते हैं।

### नवीन विचारों के लिए मिलेगा मंच

एबिक सेमिनार के माध्यम से नूतन विचार वाले प्रशिक्षुओं, किसानों, उद्यमियों को ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जहां वे अपने विचारों को यथार्थ के धरातल पर फलीभूत कर सकते हैं। इस सेमिनार में सफल उद्यमियों, मेंटर और विशेष व्याख्यानों के माध्यम से बहुत कुछ ऐसा जानने का अवसर प्राप्त होगा जिससे कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले लोग अभी तक वंचित है। यह कार्यक्रम एक तकनीकी कार्यक्रम होगा जिसमें व्यापार प्रदर्शनी के माध्यम से भी सिखाने का प्रयत्न होगा। मंच के माध्यम एग्रो. बिजनेस उद्योगों से जुड़े व्यवसायिक इन्क्यूबेटर नीति विशेषज्ञ, निवेशक, मैंटर, उद्योगी, प्रगतिशील किसान और स्टार्ट-अप अपने विचार सांझा कर सकेंगे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम.......दैनिक ट्रिब्यून.......
दिनांक 14.1.2020 ....... पृष्ठ सं. 7 ....... कॉलम 5 .......

# कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप पर हकृवि में सेमिनार कल से

हिसार, 13 जनवरी (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 15, 16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल होंगे। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम) के कुलपति, डॉ. चिन्दी वासुदेवअप्पा उपस्थित होंगे। सेमिनार का आयोजन हकृवि के एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) के तत्वावधान में होगा।

यह राष्ट्रीय स्तर का ऐसा पहला सेमिनार है, जिसमें एक साथ देशभर के एग्री बिजनेस इंक्यूबेर, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई), नीति आयोग, ईफको, स्टार्ट अप हरियाणा, व्यवसायिक, उद्यमी, विशेषज्ञ, सलाहकार, पूंजीपति, किसान, बैंक, शिक्षक, प्रशिक्षु, उद्योगपति, निवेशक और नीति विशेषज्ञ आदि भाग ले रहे हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ......नभ छोर......
दिनांक 13.1.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 4

## कृषि क्षेत्र में स्टार्ट अप की संभावनाओं पर मंथन 15 से

हिसार/13 जनवरी/रिपोर्टर
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 15-16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्क्यूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जाएगा। सेमिनार के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री जेपी दलाल होंगे। सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टैक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफ्टम) के कुलपति डॉ. चिन्दी वासुदेवअप्पा उपस्थित होंगे। सेमिनार का आयोजन हकृवि में स्थित एग्री बिजनेस इंक्यूबेशन सैंटर (एबिक) के तत्वावधान में होगा। इस सेमिनार का उद्देश्य ऐसे लोगों को एक साथ लेकर आना है जो कृषि के क्षेत्र में व्यवसायिक सोच रखते हैं और देश में कृषि और इससे सम्बद्ध क्षेत्रों में कुछ नया करना चाहते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....पंजाब केसरी....
दिनांक....14.1.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....7-8....

# हकृवि में कल होगा सैमीनार : कृषि क्षेत्र में स्टार्ट अप में अपार सम्भावनाओं पर होगा मंथन

हिसार, 13 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 15-16 जनवरी को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का 2 दिवसीय नैशनल इन्कूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जाएगा। इस सैमीनार के मुख्यातिथि कृषि मंत्री जे.पी. दलाल होंगे। सैमीनार में कृषि क्षेत्र में स्टार्ट अप में अपार सम्भावनाओं पर मंथन होगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........

दिनांक...13.1.2020... पृष्ठ सं...3... कॉलम...1-2...

# हकृवि में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्कूबेटर कॉलोक्विम 15-16 को

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा 15-16 जनवरी 2020 को गृह विज्ञान महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय स्तर का दो दिवसीय नेशनल इन्कूबेटर कॉलोक्विम आयोजित किया जा रहा है। इस सेमिनार के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री, हरियाणा सरकार, श्री जे.पी. दलाल होंगे। इस सेमिनार में वशिष्ठ अतिथि के तौर पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी एंटरप्रेन्योरशिप एंड मैनेजमेंट (निफटम) के कुलपति, डॉ. चिन्दी वासुदेवअप्पा उपस्थित होंगे। इस सेमिनार का आयोजन हकृवि में स्थित एग्री बिजनेस इक्यूबेशन सैंटर (एबिक) के तत्वाधान में होगा। इस सेमिनार का उद्देश्य ऐसे लोगों को एक साथ लेकर आना है जो कृषि के क्षेत्र में व्यवसायिक सोच रखते हैं और देश में कृषि और इससे सम्बद्ध क्षेत्रों में कुछ नया करना चाहते हैं। यह कार्यक्रम एक तकनीकी कार्यक्रम होगा जिसमें व्यापार प्रदर्शनी के माध्यम से भी सिखाने का प्रयत्न होगा। मंच के माध्यम एग्री. बिजनेस उद्योगों से जुड़े व्यवसायिक इन्क्यूबेटर नीति विशेषज्ञ, निवेशक, मैण्टर, उद्योगी, प्रगतिशील किसान और स्टार्ट-अप अपने विचार साझा कर सकेंगे। इस सेमिनार में जो उद्यमी, बैंक, एग्री स्टार्ट-अप व अन्य व्यवसायिक संस्थान अपनी प्रदर्शनी लगाना चाहते हैं वे भी विभिन्न स्पांसर पैकेज के माध्यम से इसका लाभ उठा सकते हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........

दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं 2 कॉलम 8

## एचएयू में 15 को कृषि पर्यटन केंद्र व दो दिवसीय गोल्डन जुबली फ्लावर शो

हिसार। एचएयू में कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री, हरियाणा सरकार जेपी दलाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल- 2020 का भी आयोजन किया जा रहा है। इस केंद्र को 37 एकड़ में स्थापित किया गया है। इसमें मुख्यतः विटामिन गार्डन, संरक्षित कषि, हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेट्स, सजावटी, आरनामैंटल फिशरीज, एक्योटिक प्लांट, फलोरिकल्चर, एजाक्यिोटिक, औषधीय व सुगन्धित पौधे, वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित किया गया है।

कृषि पर्यटन केंद्र के इनचार्ज डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि इस कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। पुष्प प्रतियोगिता का 15 जनवरी को आयोजित किया जाएगा जबकि मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं 16 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 16 जनवरी को कुलपति, प्रो. केपी सिंह द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम हरि भूमि, पंजाब केसरी
दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं. 14, 2 कॉलम 5-8, 7-8

# हकृवि में गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवल कल, कृषि मंत्री आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हकृवि में कृषि पर्यटन केंद्र का उद्घाटन कृषि मंत्री जेपी दलाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल 2020 का भी आयोजन किया जा रहा है। इस केंद्र को 37 एकड़ मे स्थापित किया गया है। पुष्प प्रतियोगिता 15 जनवरी को होगी। मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग व पेंटिंग प्रतियोगिताएं 16 जनवरी को आयोजित की जाएंगी। कृषि पर्यटन केंद्र के इंचार्ज डॉ. अरविंद मलिक ने बताया कि कार्निवल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। कुलपति प्रो. केपी सिंह द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। कृषि पर्यटन केंद्र में विटामिन गार्डन, संरक्षित कृषि, हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेंट्स, सजावटी, आरनामेंटल फिशरीज, एक्योटिक प्लांट, फ्लोरिकल्चर, एजाक्योटिक, औषधीय व सुगंधित पौधे वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित किया गया है।

# कृषि मंत्री कल करेंगे हकृवि में पुष्प कार्निवाल का उद्घाटन

हिसार, 13 जनवरी (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि पर्यटन केन्द्र का उद्घाटन कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर 2 दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल-2020 का भी आय्रोजन किया जा रहा है। इस केन्द्र को 37 एकड़ मे स्थापित किया गया है। कृषि पर्यटन केन्द्र के इंचार्ज डा. अरविन्द मलिक ने बताया कि इस कार्निवाल के दौरान 15 जनवरी को पुष्प प्रतियोगिता व 16 जनवरी को मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........नभ छोर........
दिनांक 13.1.2020 ........ पृष्ठ सं. 3 ........ कॉलम 1-3 ........

# हकृवि में पुष्प प्रतियोगिता 15 को

हिसार. चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि पर्यटन केन्द्र का उद्घाटन
कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री जेपी दलाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय
गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल - 2020 का भी आयोजन किया जाएगा। इस केन्द्र को 37
एकड़ में स्थापित किया गया है। इस में मुख्यतः विटामिन गार्डन, संरक्षित कृषि,
हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेंट्स, सजावटी, आरनामेंटल फिशरीज, एक्योटिक प्लांट,
फ्लोरिकल्चर, एआक्वियोटिक, औषधीय व सुगन्धित पौधे, वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित
किए गए हैं। कृषि पर्यटन केन्द्र के इंचार्ज डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि इस
कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौधों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं
का भी आयोजन किया जाएगा। पुष्प प्रतियोगिता 15 जनवरी को आयोजित की जाएगी
जबकि मेंहदी रचाओ, रंगोली, ड्राईंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिताएं 16 जनवरी को
आयोजित की जाएंगी। कुलपति, प्रो. केपी सिंह द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों
को सम्मानित किया जायेगा।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......पारख पक्ष......
दिनांक 13.1.2020 पृष्ठ सं. 1 कॉलम 1-3

# हकृवि में होगा गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल

## पुष्प प्रतियोगिता 15 जनवरी, मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राईंग एवं पेंन्टिग प्रतियोगिताएं होगी 16 जनवरी को

हिसार, 13 जनवरी (निस) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में कृषि पर्यटन केन्द्र का उद्घाटन हरियाणा के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री जे.पी. दलाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दो दिवसीय गोल्डन जुबली पुष्प कार्निवाल - 2020 का भी आयोजन किया जा रहा है। इस केन्द्र को 37 एकड़ मे स्थापित किया गया है। इस में मुख्यतः विटामिन गार्डन, संरक्षित कृषि, हाईड्रोपोनिक्स, कैक्टस, सकूलेट्स, सजावटी, आरनामैंटल फिशरीज, एक्योटिक प्लांट, फलोरिकल्चर, एजाक्योटिक, औषधीय व सुगन्धित पौधे, वैज्ञानिक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। कृषि पर्यटन केन्द्र के इनचार्ज डॉ. अरविन्द मलिक ने बताया कि इस कार्निवाल के दौरान विभिन्न प्रकार के फूलों के पौद्यों की प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। पुष्प प्रतियोगिता का 15 जनवरी को आयोजित किया जाएगा जबकि मेहंदी रचाओ, रंगोली, ड्राईंग एवं पेन्टिग प्रतियोगिताएं 16 जनवरी को आयोजित की जाएगी। 16 जनवरी को कुलपति, प्रो. के.पी. सिंह द्वारा प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए 01662255291, 9466018199, 9896140705 पर सम्पर्क करें।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी, हरि भूमि
दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं 4, 14 कॉलम 7-8, 1

हिसार (ब्यूरो): चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से लोहड़ी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्रांगण में लोहड़ी जलाई। सांस्कृतिक मंच के सचिव डा. देवेंद्र सिंह बूरा और सांस्कृतिक मंच की वाइस प्रैसीडैंट डा. रश्मि त्यागी ने बताया कि विद्यार्थियों ने हरियाणवी, पंजाबी, राजस्थानी व हिंदी गीतों पर डांस, भंगड़ा व गिद्दा पेश किया। कार्यक्रम में डी.एस.डब्ल्यू. डा. देवेंद्र दहिया, प्रैसीडैंट मंजू टोंक, कैशियर डा. सुभाष चंद्र सहित सांस्कृतिक मंच के सभी सदस्य, विद्यार्थी तथा टीचिंग व नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्य मौजूद थे। वहीं महारानी लक्ष्मीबाई कालेज में लोहड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया गया।

## लोहड़ी पर्व मनाया

हिसार। हकृवि के मौलिक एव मानविकी महाविद्यालय में सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से लोहड़ी का त्यौहार मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अधिष्ठाता, मौलिक व मानविकी महाविद्यालय डॉ. राजबीर सिंह ने प्रतिभागियों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को लोहड़ी व मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक जागरण, दैनिक भास्कर
दिनांक: 14.1.2020 पृष्ठ सं: 14, 2 कॉलम: 7-8, 1-2

## एचएयू में हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी पर्व

हिसार : कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक एव मानविकी महाविद्यालय में सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से लोहड़ी का त्यौहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अधिष्ठाता, मौलिक व मानविकी महाविद्यालय डॉ. राजबीर ने सभी प्रतिभागियों, विद्यार्थियों एवं समस्त स्टाफ को लोहड़ी व मकर सक्रान्ति की शुभकामनाएं दी। इस उपलक्ष्य पर विवि के प्रांगण में लोहड़ी जलाई और सभी ने हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। सचिव, सांस्कृतिक मंच, डा. देवेंद्र सिंह ने समस्त स्टाफ को धन्यवाद प्रस्तुत किया।

## एचएयू में लोहड़ी पर्व हर्षोल्लास से मनाया

हिसार। एचएयू के मौलिक एवं मानविकी महाविद्यालय में सांस्कृतिक मंच के सौजन्य से लोहड़ी का त्योहार हर्षोल्लास से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिष्ठाता, मौलिक व मानविकी महाविद्यालय डॉ. राजबीर सिंह ने भी अपने विचार रखे। इस उपलक्ष्य पर महाविद्यालय के प्रांगण में लोहड़ी जलाई और सभी ने हर्षोल्लास के साथ इस आयोजन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक जागरण
दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं. 15 कॉलम 1-3

# शिक्षक संघ की नई कार्यकारिणी ने ली शपथ

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (हौटा) के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। डीन कमेटी रूम सबसे पहले सबसे पहले हौटा के प्रधान डा. करमल सिंह मलिक को डा. एसके सहरावत (चुनाव अधिकारी) ने शपथ दिलवाई। इसके बाद डा. बलवान उप-प्रधान, डा. रविन्द्र सचिव, ई. अजीत सांगवान सह-सचिव, डा. अनुराग कोषाध्यक्ष को भी शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रधान, डा. करमल सिंह मलिक ने एग्जीक्यूटिव के सदस्यों को शपथ दिलाई जिसमें डा. देवेन्द्र चहल, डा. सतपाल, व ई. नरेश शामिल रहे। इस मौके पर चुनाव अधिकारी डॉ. एसके सहरावत ने गत वर्ष की हौटा कार्यकारिणी को धन्यवाद किया व नवनिर्वाचित हौटा के सभी सदस्यों को बधाई दी व आग्रह किया कि हौटा विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकों के हितों का ध्यान रखेगी व रचनात्मक कार्यों में विश्वविद्यालय प्रशासन का सहयोग करेगी। इस दौरान पूर्व प्रधान डा. अनिल ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी।


हौटा के नवयुक्त पदाधिकारी डा. करमल सिंह मलिक व डा. रविंद्र को चुनाव अधिकारी डा. एसके सहरावत शपथ दिलाते हुए। • विज्ञप्ति

### इन मांगों को सरकार के सामने रखा जाएगा

- पीएचडी की पांच एडवांस इंक्रीमेंट लागू की जाएं (छठे व सांतवें वेतनमान)
- पुरानी पेंशन बहाली के लिए
- रिटायरमेंट की आयु 60 से 65 वर्ष की जाये जो कि केंद्रीय विश्वविद्यालय में पहले से लागू है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........हरि भूमि........
दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं. 14 कॉलम 7-8

# हौंटा प्रधान डॉ. करमल सिंह समेत कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हकृवि की नवनिर्वाचित होटा का शपथ ग्रहण समारोह आज दोपहर बाद डीन कमेटी रूम में हुआ। हौटा के प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक को डॉ. एसके सहरावत चुनाव अधिकारी ने शपथ दिलवाई।

उपप्रधान डॉ. बलवान, सचिव डॉ. रविंद्र, सह सचिव ई. अजीत सांगवान, कोषाध्यक्ष डॉ. अनुराग को भी शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक ने एक्जीक्यूटिव के सदस्यों को शपथ दिलाई जिसमें डॉ. देवेंद्र चहल, डॉ. सतपाल, ई. नरेश शामिल थे। इस मौके पर चुनाव अधिकारी डॉ. एसके सहरावत ने गत वर्ष की हौटा कार्यकारिणी को धन्यवाद किया व नवनिर्वाचित होटा के सभी सदस्यों को बधाई दी। पूर्व प्रधान डॉ. अनिल यादव ने नई हौटा के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। इसके बाद नवनिर्वाचित हौटा कार्यकारिणी की बैठक की गई जिसमें सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आने वाली 15 जनवरी को कृषि व कृषक कल्याण मंत्री जेपी दलाल व 16 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर से मिलकर मांग पत्र दिया जाएगा। जिसमें मुख्यतः तीन मांगे रखी जाएंगी जो इस प्रकार हैं। हौटा की मांग है कि पीएचडी की पांच एडवांस इंक्रीमेंट लागू की जाएं, पुरानी पेंशन बहाली की जाए। रिटायरमेंट की आयु 60 से 65 वर्ष की जाए जो कि केंद्रीय विवि में पहले से लागू है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: दैनिक भास्कर
दिनांक: 14.1.2020 पृष्ठ सं.: 6 कॉलम: 1-3

# हौटा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने ली शपथ

**हिसार** | एचएयू की नवनिर्वाचित हौटा का शपथ ग्रहण समारोह सोमवार दोपहर के बाद डीन कमेटी रूम में सम्पन्न हुआ। सबसे पहले हौटा के प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक को डॉ. एसके सहरावत (चुनाव अधिकारी) ने शपथ दिलवाई। इसके बाद क्रमशः डॉ. बलवान (उप-प्रधान), डॉ. रविन्द्र (सचिव), ई. अजीत सांगवान (सह-सचिव), डॉ. अनुराग (कोषाध्यक्ष) को शपथ दिलाई गई। प्रधान, डॉ. करमल सिंह मलिक ने एग्जिक्यूटिव के सदस्यों को शपथ दिलाई, जिसमें डॉ. देवेन्द्र चहल, डॉ. सतपाल और नरेश शामिल रहे। इस मौके पर चुनाव अधिकारी डॉ. एसके सहरावत ने गत वर्ष की हौटा कार्यकारिणी को धन्यवाद किया। प्रधान डॉ. करमल सिंह मलिक ने कहा कि वर्षभर पूरी लगन व मेहनत से शिक्षकों के हितों की रक्षा की जाएगी व रचनात्मक कार्यों के द्वारा विश्वविद्यालय का स्तर ऊंचा उठाने में सहयोग किया जाएगा। इसके बाद हौटा कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आने वाली 15 जनवरी को कृषि व कृषक कल्याण मंत्री जेपी दलाल व 16 जनवरी को सीएम मनोहर लाल खट्टर से मिलकर मांग पत्र दिया जाएगा।



एचएयू की नवनिर्वाचित हौटा की कार्यकारिणी के पदाधिकारी शपथ लेते हुए।

## मांग पत्र में यह है प्रमुख मांगें

- पीएचडी की पांच एडवांस इन्क्रीमेंट लागू की जाएं (छठे व सातवें वेतनमान)
- पुरानी पेंशन बहाली।
- रिटायरमेंट की आयु 60 से 65 वर्ष की जाए जोकि केंद्रीय विवि में पहले से लागू है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........पंजाब केसरी........
दिनांक 14.1.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 5-6

# चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विवि की नवनिर्वाचित हौटा का दिलवाई शपथ

हिसार, 13 जनवरी (ब्यूरो): शपथ ग्रहण समारोह हुआ। सबसे पहले हौटा के प्रधान डा. करमल सिंह मलिक को डा. एस.के. सहरावत (चुनाव अधिकारी) ने शपथ दिलवाई। इसके बाद क्रमशः डा. बलवान (उप-प्रधान), डा. रविन्द्र (सचिव), ई. अजीत सांगवान (सह-सचिव), डा. अनुराग (कोषाध्यक्ष) को भी शपथ दिलवाई गई। इसके बाद प्रधान, डा. करमल सिंह मलिक ने एग्जीक्यूटिव के सदस्यों को शपथ दिलवाई जिसमें डा. देवेन्द्र चहल, डा. सतपाल व ई. नरेश शामिल थे। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 15 जनवरी को कृषि व कृषक कल्याण मंत्री, जे.पी. दलाल और 16 जनवरी को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को मांग पत्र दिया जाएगा। मांगपत्र में पी.एच.डी. की 5 एडवांस इन्क्रीमैन्ट लागू की जाएं, पुरानी पैंशन बहाली की जाए और रिटायरमैंट की आयु 60 से 65 वर्ष की जाए जोकि केन्द्रीय विश्वविद्यालय में पहले से लागू है।



चुनाव अधिकारी हौटा प्रधान को शपथ दिलवाते हुए।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........अमर उजाला........
दिनांक 14.1.2020 ........ पृष्ठ सं. 2 ........ कॉलम 1-2

# कृषि विशेषज्ञ की सलाह

डॉ. कृष्ण यादव

## चने पर हो सकता है फली छेदक सुंडी का आक्रमण

चने की फसल पर फली छेदक सुंडीं का आक्रमण कुछ क्षेत्रों में हो सकता है। इससे बचने के लिए 200 मिलीलीटर मोनो क्रोटोफॉस 36 एसएलया 400 मिलीलीटर क्विनल फॉस 25 ईसी को 100 लीटर पानी के साथ प्रति एकड़ छिड़कें। इसके अलावा 80 मिलीलीटर फेनवालरेट 20 ईसी या 50 मिलीलीटर साइपरमेथ्रिन 25 ईसी या 150 मिलीलीटर डेकामेथ्रिन 2.8 ईसी इतने ही पानी में मिलाकर प्रति एकड़ भी कारगर है। इनके स्थान पर 10 किलोग्राम क्विनल फॉस 1.5 डी धूड़ा प्रति एकड़ भी धूड़ा जा सकता है। जरूरत पड़ने पर 15 दिन पर कीटनाशक दवा बदल कर फिर छिड़कें। अंगमारी या झुलसा के आक्रमण से सचेत रहे। विशेषकर यदि मौसम नम व ठंडा रहे और वर्षा के आसार दिखाई दें तो प्रभावित पौधों को उखाड़कर नष्ट कर दें।



डॉ. कृष्ण यादव हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में संयुक्त निदेशक के पद पर कार्यरत हैं।

सरसों व राय में यदि मौसम अनुकूल हो तो चेपे का आक्रमण जरूर मिलेगा। फसल को इस कीट से बचाने के लिए 250 - 400 मिलीलीटर रोगोर 30 ईसी को 250 - 400 लीटर पानी के साथ मिलाकर प्रति एकड़ फसल पर दोपहर बाद छिड़कें और जरूरत हो तो 15 दिन बाद फिर दोहराएं। सरसों पर पत्तों पर सुरंग बनाने वाले कीट भी इन्हीं कीटनाशकों से मर जाएगा। मधुमक्खियों को बचाने के लिए दोपहर तीन बजे बाद ही कीटनाशक छिड़कें। यदि सफेद रतुआ या डाउनी मिल्ड्यू के लक्षण फसल पर दिखाई दें तो बचाने के लिए 600 ग्राम मैन्कोजेब का 200 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति एकड़ फसल पर छिड़काव करें। फफूंद नाशकों की नियंत्रण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रति 100 लीटर घोल में 10 ग्राम सेल्वेट - 99 या 50 मिलीलीटर ट्राईटान अवश्य मिला लें।

सवाल भेजें | (वाट्सअप नंबर) 7617566173
roh-cityreporter@roh.amarujala.com